>

Title: Need to provide adequate wages and facilities to Beedi workers in Uttar Pradesh and other parts of the Country.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** अध्यक्ष महोदय, देश के राज्यों उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा पश्चिम बंगाल में लगभग 30 लाख बीड़ी मजदूर हैं जो असंगठित बीड़ी रोलर्स का कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय न्यूनतम फ्लोर लेवेल दर 80 रूपये के होते हुए उक्त राज्यों में 35 से 41 रूपये भुगतान करके खुलेआम बीड़ी मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। सरकार राष्ट्रीय न्यूनतम फ्लोर लेवेल दर 70 रूपये प्रति हजार बीड़ी और इसी अनुपात में अन्य श्रेणी के लिए सामान्य न्यूनतम मजदूरी निर्धारित करें। इलाहाबाद, कौशाम्बी जनपदों में बीड़ी मजदूरों के लिए अस्पताल खोला जाये। विस्तृत चिकित्सा योजना के अंतर्गत गुर्दारोपण, हृदय, कैंसर, टी.बी. जैसी गंभीर बीमारी के उपचार की व्यवस्था किया जाये। नए अस्पतालों में पैथोलॉजी जांच सोनाग्राफी/एक्सरे जांच के साथ रोगों की दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बीड़ी श्रमिकों की बाहुलता वाले उत्तर प्रदेश के जनपदों इलाहाबाद, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, गुरूसहायगंज (कन्नौज), अमरोहा, रामपुर, झांसी, मिर्जापुर, जौनपुर आदि में स्थित अस्पतालों में भी मेडिकल उपकरणें व दवा की उचित व्यवस्था हो। उक्त राज्यों के जिलों में रायबरेली, उत्तरप्रदेश की तरह बीड़ी श्रमिकों के लिए कालोनी की व्यवस्था हो। जहां बिजली, पानी, चिकित्सा एवं बच्चों के शिक्षण संस्थानों की व्यवस्था अनिवार्य हो।